# पत्रिका

| Regional News Paper | Edition : Surat (Gujarat) | Circulation: 19218 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 13.07.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 06 | क्रम सं. (Serial No.) |

## 64 पदक जीत सीआईएसएफ ने भारत को पहुँचाया तीसरे पायदान पर

पत्रिका

# 64 पदक जीत सीआईएसएफ ने भारत को पहुंचाया तीसरे पायदान पर

**सूरत @ पत्रिका.** अमरीका में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन कर 64 पदक जीते। इसके साथ ही भारत तीसरे पायदान पर पहुंच गया। सीआईएसएफ के एथलीटों ने आधा दर्जन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इनमें हरियाणा के गुरजीत सिंह, एएसआई रीनू, सनी कुमार, अजय दागर, हरीश, मोहित, अभिमन्यु, बिहार से विजया कुमारी, राजस्थान से उमा चौधरी, उतरप्रदेश से मुकुल, बबीता, किमी सोनम, केरल से हेड कांस्टेबल अमृधेश, त्रिपुरा से मधुमिता देव ने शानदार प्रदर्शन कर बड़ी संख्या में स्वर्ण, रजत व कांस्य



पदक जीते। गौरतलब है कि अमरीका के बर्मिंघम में गत 30 जून से 6 जुलाई 2025 तक आयोजित वर्ल्ड पुलिस और फायर गेम्स आयोजित हुए थे। इनमें दुनिया के 70 से अधिक देशों के 10,000 से अधिक एथलीटों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया था।